# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous

Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# अब जघन्य अपराध करने वाले अपराधी नहीं बच सकेंगे

**पहल**

### दुष्कर्म के दोषी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्ञानेन्द्र शर्मा की अदालत ने सुनाई फांसी

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**




पिथौरागढ़। नेपाल के जिला बजांग निवासी एक व्यक्ति अपने माता पिता और पत्नी की मौत के बाद अपनी साढे चार साल की सौतेली बहन और दो बच्चों को लेकर भारत आया था। सीमांत जनपद के पंडा जारजरदेवल थाना क्षेत्र में आरोपी किराये के मकान में रहकर अपनी साढ़े चार साल की मासूम सौतेली बहन के साथ पिछले छह महीने से दुष्कर्म कर रहा था।

मामले का खुलासा तब हुआ जब पीड़िता अपने भाई की करतूत से डरी सहमी अपने परिचित के घर में छिपने के लिए चली गई। पीड़िता मासूम के साथ हुई वारदात की खबर पीड़िता के रिश्तेदार के माध्यम से जाजरदेवल पुलिस प्रभारी के पास पहुंची। तीन अप्रैल 2021 को आरोपी नेपाली नागरिक के खिलाफ जारजरदेवल थाना क्षेत्र में मुकदमा दर्ज किया गया था।

मौके पर आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय में पेशी के बाद जेल भेज दिया गया था। एसआई मेघा शर्मा के द्वारा इस मामले पर जांच कर न्यायालय में आरोप पत्र दायर किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से नौ गवाह भी पेश किये गये।

बीते शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश डांक्टर ज्ञानेन्द्र शर्मा की अदालत ने इस मामले पर ऐतिहासिक फैसला सुनाते आरोपी नेपाली नागरिक को अपनी सौतेली बहन के साथ दुष्कर्म के आरोप में फांसी की सजा सुनाई।

दूसरी ओर उसे धारा 376 ए और बी के मामले में फांसी की सजा और पांच हजार रूपये जुर्माना जबकि धारा 323 के दोष में एक साल की सजा और एक हजार रूपये की अर्थदंड की सजा सुनाई। मामले की पैरवी डीजीसीए प्रमोद पंत और प्रेम सिंह भंडारी ने की।

अदालत ने मासूम पीड़िता और आरोपी नेपाली नागरिक के दोनों बच्चों को न्यायालय के संरक्षण में एक संस्था में भेजा है। मामले की पैरवी कर रहे डीजीसीए प्रमोद पंत ने बताया कि सीमांत में अब दुष्कर्म जैसा जघन्य व घृणित अपराध करने वाले अपराधी अब बच नही सकेंगे।

## न्यूज डायरी

### एसजेवीएन ने अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का किया आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। आजादी का अमृत महोत्सव भारत की स्वाधीनता की 75वीं वर्षगांठ और राष्ट्र की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में सफल प्रगतिशील यात्रा को मनाने की भारत सरकार की एक पहल है। इस देशव्यापी जन अभियान ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए एसजेवीएन लिमिटेड द्वारा हिन्दी पखवाड़े के दौरान अखिल भारतीय कवि सम्मेलन–2021 का आयोजन होटल हॉली–डे–होम, शिमला के सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नन्द लाल शर्मा,अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने गीता कपूर निदेशक (कार्मिक) और एस.पी.बंसल निदेशक (सिविल) की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया।

### डीआईटी यूनिवर्सिटी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मनाया एनएसएस दिवस

**संवाददाता** देहरादून। डीआईटी विश्वविद्यालय एनएसएस परिषद ने 24 सितंबर को परिसर में 52वां एनएसएस दिवस मनाया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अजय अग्रवाल, राज्य एनएसएस अधिकारी, उत्तराखंड ने किया। प्रो. वंदना सुहाग, रजिस्ट्रार और प्रो नवीन सिंघल, चीफ प्रॉक्टर और एनएसएस कोऑर्डिनेटर सहित अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्ति समारोह में उपस्थित थे। यह दिन उन छात्रों द्वारा प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए समर्पित था, जिन्होंने गीत, कविता, नृत्य का प्रदर्शन किया। मौजूद छात्रों को विश्वविद्यालय के एनएसएस डिवीजन द्वारा किये गए कोविड राहत कार्य, योग महोत्सव, हिंदी दिवस और अन्य सामाजिक गतिविधियों सम्बन्धी एक प्रस्तुति भी दिखाई गई।

### बिकानो ने हम से बेहतर भुजिया को जाने कौन नाम से शुरू किया भुजिया कैंपेन

**संवाददाता** देहरादून। भारत के पसंदीदा स्नैक और पैकेज्ड फूड निर्माता ब्रांड बिकानो ने भुजिया निर्माण में अपनी स्थिति को मजबूत करने और भुजिया स्पेशलिस्ट के रूप में बाजार में अपनी स्थिति को बढ़ाने के लिए हम से बेहतर भुजिया को जाने कौन नाम से भुजिया अभियान शुरु किया है। भारत में नमकीन और स्नैक्स का बाजार लगभग 35,000 करोड़ रुपये का है और हाल के दिनों में इसमें काफी वृद्धि देखी जा रही है और इसका विस्तार जारी है। भुजिया सेव और मिक्सचर जैसे पारंपरिक स्नैक्स की बढ़ती बिक्री ने इस क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसी बढ़ते ट्रेंड को बनाए रखने के लिए बिकानो ने एक लक्ष्य निर्धारित किया है कि नए वितरण चैनलों को अमल में ला करके और वितरण के अपने मौजूदा चौनलों को मजबूत करके बाजार में अपनी उपस्थिति को और भी ज्यादा मजबूत बनाना है।

## आप के सीएम उम्मीदवार के कार्यक्रम में मोदी समर्थक युवती का हंगामा

**संवाददाता** नैनीताल। शहर में आयोजित आम आदमी पार्टी की जनसभा में उस समय बवाल हो गया जब एक युवती आप के कार्यक्रम में मंच पर आ गई। युवती ने मोदी को निष्ठा से काम करते हुए बताते हुए हंगामा किया। साथ ही आप के कार्यक्रम पर सवाल उठाने लगी। कार्यकर्ताओं ने उसके हाथ से माइक छीन लिया तो रोने लगी। उसने कहा कि मैं कर्नल कोठियाल से कुछ सवाल करना चाहती हूं। इसी बीच पुलिस ने बमुश्किल युवती पर काबू पाकर उसे आयोजन स्थल से दूर किया।

शनिवार को आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा रैली और जनसभा का आयोजन किया गया। दोपहर करीब दो बजे पार्टी के सीएम उम्मीदवार कर्नल अजय कोठियाल मल्लीताल श्रीराम सेवक सभा में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इसी बीच एक युवती मंच पर चढ़ गई, जो कर्नल कोठियाल से कुछ सवाल करने की बातें कह रही थी। पर कार्यकर्ताओं ने युवती की बात को अनसुना कर दिया। करीब 15 मिनट बाद जब कोठियाल का संबोधन समाप्त हुआ तो युवती माइक छीनने पर उतारू हो गई। और भरे मंच से कर्नल कोठियाल से सवाल किए जाने की बात करने लगी। इसके बाद आप कार्यकर्ताओं ने युवती से माइक जीना तो वह भड़क गई। और रोते हुए उसमें भरे मंच में हंगामा खड़ा कर दिया। इसी बीच कोतवाल प्रीतम सिंह अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मंच पर पहुंच गए। बमुश्किल युवती पर काबू पाया और उसे आयोजन स्थल से दूर ले गए।



### निर्माणाधीन मोटर मार्ग का निर्माण कार्य पूरा करने को लेकर चक्काजाम

**संवाददाता** पुरोला। मोरी ब्लाक के जखोल लिवाड़ी निर्माणाधीन मोटर मार्ग का निर्माण कार्य पूरा करने की मांग को लेकर ग्रामीणो ने मोरी में चक्काजाम कर कार्यदायी संस्था वेबकोस के कार्यालय में तालाबंदी कर धरना दिया। उन्होने इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन भी भेजा है। मोरी ब्लाक के जखोल लिवाड़ी निर्माणाधीन मोटर मार्ग का निर्माण कार्य अभी तक पूरा न होने से ग्रामीणों को खासी परेशानी हो रही है। क्षेत्र के लिवाड़ी, फिताड़ी,रेकचा,कासला व हरिपुर गांव को सड़क से जोड़ने के लिए जखोल लिवाड़ी 20किमी मोटर मार्ग स्वीकृत हुआ था। वर्ष 2013 में पीएमजीएसवाई ने मोटर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू कर दिया था लेकिन अभी तक कार्य पूरा नही हुआ है।

## लोकायुक्त कार्यालय पर जड़ा ताला समर्थन में उक्रांद ने किया धरना–प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। लोकायुक्त की नियुक्ति करने की मांग को लेकर देहरादून में लोकायुक्त कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे आंदोलनकारियों ने आज लोकायुक्त कार्यालय पर तालाबंदी कर दी। उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने तालाबंदी के समर्थन में कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। लोकायुक्त अभियान के नेता परमानंद बलोदी और सुमन बडोनी 17 सितंबर से लोकायुक्त की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। इससे पहले यह दोनों एकता विहार स्थित धरना स्थल पर 56 दिन तक आंदोलन कर चुके हैं।

उत्तराखंड क्रांति दल के नेता शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि




दिल्ली वाले दलों की मनसा लोकायुक्त बनाने की नहीं है।

सेमवाल ने कहा कि भाजपा सौ दिन में लोकायुक्त बनाने का वादा करके सत्ता में आई थी लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई काम नहीं हुआ। उत्तराखंड क्रांति दल के जिलाध्यक्ष परवादून संजय डोभाल ने कहा कि सरकार खुद ही भ्रष्टाचार में डूबी हुई है, इसलिए डर के मारे लोकायुक्त नहीं बनाना चाहती। कांग्रेस ने भी लोकायुक्त की फाइल दबा कर रखी। लोकायुक्त अभियान के संयोजक सुमन बडोनी ने कहा कि वे सर पर कफन बांध कर धरने पर बैठे हैं। अगले चरण में आमरण अनशन शुरू किया जाएगा।

लोकायुक्त के गठन करने की मांग को लेकर चल रहे इस आंदोलन को अब तक कई जन संगठनों का समर्थन मिल चुका है। आज इस आंदोलन को अपना समर्थन देने वालों में उत्तराखंड क्रांति दल के जिला अध्यक्ष संजय डोभाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मवीर गुसाईं, वरिष्ठ यूकेडी नेत्री मीनाक्षी घिल्डियाल, नगर उपाध्यक्ष राकेश तोपवाल, प्रमोद डोभाल आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे।

### भाजपा वैचारिक जुड़ाव की पक्षधर, धन बल कांग्रेस को मुबारकः चौहान

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा के मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले दूसरे दलों के लोग वैचारिक सहमति और विकास के लिए शामिल हो रहे हैं तो इसमें किसी को क्या आपत्ति हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि धन बल की बात करने वाली कांग्रेस को इसका जवाब अपनी पिछली सरकार के कार्यकाल में मिल गया। तब कांग्रेस अपनी सरकार को बचाने के लिए सरकारी विभागों को भी वसूली के लिए दांव पर लगाने का खुला ऑफर देते हुई दिखी। चौहान ने कहा कि बात 100 रुपए अथवा एक लाख रुपए की नहीं बल्कि नीयत की है और भाजपा का धन और ताकत उसके कार्यकर्ता और जनता है, जिसका उसके ऊपर विश्वास और आशीर्वाद है। कांग्रेस भ्रम की स्थिति में है और सिमट रहे आधार को धन बल से जोड़कर देख रही है, जबकि सच्चाई यह है कि जनता को कांग्रेस पर भरोसा नहीं है और कांग्रेस के नेता से लेकर कार्यकर्ता पार्टी छोड़ रहे हैं।